# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## फरवरी 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# कचांदुर शासकीय अस्पताल दुर्ग के लिए चलेगी सिटी बस

भिलाईनगर। चन्दुलाल चंद्राकर मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल कचांदुर दुर्ग में इलाज हेतु आने वाले मरीजो व उनके परिजनो के तथा पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी नगर निगम भिलाई ने बस सेवा प्रारंभ किया है, जो दिन में दो फेरा करेगी। दुर्ग बस स्टेण्ड से प्रातः 9 बजे रवाना होकर 10 बजे हास्पिटल कचांदुर पहुॅचेगी और 12 बजे हास्पिटल से प्रस्थान कर 1 बजे दुर्ग बस स्टेण्ड आगमन होगा. उसी दिन दुसरा फेरा दोपहर 2 बजे दुर्ग बस स्टैंड से प्रस्थान कर 3 बजे कचांदुर हास्पिटल पहुॅचने के पश्चात 4 बजे हास्पिटल से निकल कर 5 बजे सायं को दुर्ग बस स्टेण्ड पहुॅचेगी। सिटी बस अपने फेरे के दौरान दुर्ग बस स्टेण्ड से प्रस्थान कर मालवीय चौक दुर्ग, नेहरू नगर चौक भिलाई, सूर्यामॉल चौक जुनवानी, अवंति बाई चौक कोहका, रूंगटा कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद मार्ग से होते हुए चन्दुलाल चंद्राकर हास्पिटल कचांदुर पहुॅचेगी तथा वापसी भी इसी मार्ग से होगी। कचांदुर का शासकीय हास्पिटल शहर से दुर होने के कारण वहॉ इलाज के लिए आने वाले मरीज व उनके परिजनों तथा वहॉ अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को आने जाने में परेशानी उठाना पड़ रहा था। सिटी बस के प्रारंभ हो जाने से लोगो को आवागमन में सुविधा रहेगा।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# महतारी वंदन योजना फार्म जमा करने निगम द्वारा 6 स्थलो पर काउंटर बनाये गये

भिलाईनगर। महतारी वंदन योजना का आवेदन निगम द्वारा बनाये गये 6 काउंटर में तेजगति से जमा किया जा रहा है। जिसकी प्रगति एवं व्यवस्था को देखने महिला बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव शम्मी आबदी, एवं संचालक तुबिका प्रजापति शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन-4 कार्यालय में लगे काउंटर का निरीक्षण करने पहुॅची और व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को आवेदन जमा करने में कोई असुविधा न हो। आवेदनो की आनलाईन प्रविष्टि का कार्य भी साथ साथ प्रारंभ हो। 20 फरवरी तक प्राप्त आवेदनो का प्रविष्टि कर दावा आपत्ति का प्रकाशन पश्चात अनंतिम सूची जारी किया जायेगा। सचिव ने इस बाद का विशेष ध्यान रखने को कहा कि आवेदन के साथ बैंक खाते की छायाप्रति जमा कि जा रही है वह अनिवार्य रूप से आधार से लिंक हो, आवेदन के साथ प्राप्त हितग्राहियो के सभी दस्तावेज सुरक्षित रहे यह भी सुनिश्चित कर लिया जाये। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है। आवेदनो का आनलाईन अपलोड करने के लिए फर्जी वेबसाईट की भी शिकायत सोशल मिडिया के माध्यम से प्रचारित हो रही है महिलाओं को इस तरह के धोखाधडी से बचना होगा।



# सभी राशन कार्ड का नवीनीकरण किया जाना आवश्यक

भिलाईनगर। शासन द्वारा जारी सभी तरह के राशन कार्ड का नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। नवीनीकरण का कार्य 15 फरवरी तक किया जायेगा, जिसके लिए हितग्राही को उचित मूल्य दुकान में अथवा खाद्य विभाग के वेबसाईट में उपलब्ध राशन कार्ड नवीनीकरण एप को अपने एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर नवीनीकरण का कार्य कर सकते है।

नगर पालिक निगम भिलाई सीमा क्षेत्र में जारी ए.पी.एल. राशन कार्ड 43062, सामान्य परिवार तथा बी.पी.एल. श्रेणी के कुल 83746 राशन कार्डधारी परिवार है। जिसमें अंत्योदय कार्ड, निराश्रित कार्ड, अन्नपूर्णा, प्राथमिकता निःशक्तजन के कार्डधारी शामिल है। इसमें गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 59828 परिवार भी शामिल है। इन सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण करना होगा। कुल 126868 राशन कार्ड में से अभी तक 46200 कार्ड का नवीनीकरण किया जा चुका है तथा 80606 अभी भी शेष है। जिसे 15 फरवरी तक पूर्ण करना होगा। जिसके लिए निगम भिलाई द्वारा मुनादी करा कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

कैसे होगा नवीनीकरण



# निगम आयुक्त ने किया क्षेत्र भ्रमण दिए आवश्यक निर्देश

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र क्षेत्र में चल रहे नियमित सफाई कार्य, निर्माण कार्य एवं पेयजल आपूर्ति का स्थल अवलोकन करने आयुक्त प्रातः 6 बजे से क्षेत्र भ्रमण कर रहे है। सोमवार को आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव जोन-1 नेहरू नगर के विभिन्न वार्डो में पहुॅचकर सफाई व्यवस्था को देखा, उन्होने दो-तीन नाली को जोड़ने वाले स्थल में बह कर आने वाले कचरे की सफाई नियमित रूप से करने को कहा ताकि जल जमा की स्थिति न बने। भ्रमण के दौरान आयुक्त कोहका पानी टंकी पहुॅचे और पेयजल हेतु क्षेत्र में सप्लाई किये जा रहे पानी की नियमित नमुना जाॅच कर रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिये। श्री ध्रुव कोहका के साकेत नगर पहुॅचकर क्षेत्र में जल भराव की स्थिति को रोकने रिसाव वाले जगह को चिन्हित कर जल प्रवास को रोकने के निर्देश दिये है। सभी जोन आयुक्त भी अपने प्रभार क्षेत्र का प्रातः भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्य, सफाई एवं जल प्रदाय पाईप की जाॅच कर हुए लिकेज का तत्काल संधारण करवा रहे है साथ ही डोर टू डोर किये जा रहे कचरा संग्रहण मे लोगो को सुखा और गीला कचरा को पृथक कर देने के लिए लोगो को प्रेरित कर रहे जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।



# निगम क्षेत्र के सभी खुले चेम्बर ढके जाएंगें।

भिलाईनगर । शहर में जनसुविधा के छोटे-छोटे कार्यो की पहचान कर उसे हल करने निर्देश आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों को दिये है। जोन आयुक्त प्रातः 6 बजे क्षेत्र भ्रमण कर तालाबों की सफाई, जल वाहनी में हुए लिकेज का संधारण, हैण्ड पम्प एवं पावर पम्प की जाॅच कर संधारण तथा सफाई व्यवस्था का नियमित मानिटरिंग कर रहे है। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने समीक्षा बैठक में जोन आयुक्तों को अपने प्रभार क्षेत्र का सुबह भ्रमण कर जनता को सीधे प्रभावित करने वाले कार्य सफाई, पेयजल के साथ खुले चेम्बर की गणना कर ढ़कने को कहा था, इसी कड़ी में सभी जोन आयुक्त प्रातः 6 बजे जोन क्षेत्र का भ्रमण कर रहे है। जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र के गुरूनानक सरोवर की जाॅच कर जोन आयुक्त ने तालाब की सफाई के निर्देश दिये है, जोन के टीम द्वारा शहर के सड़क किनारे तथा डिवाइडर पोल में लगाये गये बेतरतीब बेनर पोस्टर को हटाया गया ताकि शहर सुन्दर दिखे इसी प्रकार जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में जोन आयुक्त ने वार्ड 22 ढोर तालाब जो जल कुम्भी से अटा पड़ा था उसे जन सहयोग से सफाई करवाया है। वार्ड 21 में महिनों से जाम नाली जो पुराने कपड़ा, बोरी से जाम था उसे 2 घण्टे की मशक्कत के बाद एक किलो मीटर नाली की साफ करवाया गया। वार्ड 29 में नाली के उपर स्लेब डाल कर 20 दुकान एवं घर बना रखे थे, जिसे जन सहयोग से हटाकर नाली की गहराई से सफाई करवाया गया है तथा खुले चेम्बर को ढ़कने के लिए सीमेंट का स्लेब ढ़क्कन तैयार करवाकर जोन क्षेत्र के 755 खुले चेम्बर को ढ़का जा रहा है। पावर हाउस के व्यस्तम क्षेत्र रेल्वे स्टेशन के आस पास का जोन-3 के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई करवाया गया है।



# एयरपोर्ट की तर्ज पर दिखेगा पावर हाऊस रेल्वे स्टेशन

भिलाईनगर। केन्द्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत रेल्वे प्रशासन द्वारा प्रस्तावित पावर हाउस रेल्वे स्टेशन के सौदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण में बाधक बन रहे स्टेशन के सामने अनियमित रूप से लगाए 14 ठेला, गुमटी को भिलाई निगम ने पुलिस प्रशासन एवं रेल्वे अधिकारियों की उपस्थिति में बेदखल किया। पावर हाउस रेल्वे स्टेशन में जी.ई.रोड की ओर स्टेशन पहुॅच के रास्ते में अनियमित लगाये गये ठेले, गुमटी, टीन टप्पर से निर्मित 14 दुकानों को बेदखल किया गया है। जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ने बताया कि रेल्वे स्टेशन पावर हाउस के सौंदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण के लिए रेल्वे प्रशासन ने निगम को उक्त स्थल को रिक्त करवाकर सौंपने पत्र दिया था, जिस पर निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कार्यवाही कर बेदखली किये जाने के आदेश दिए थे जोन-3 कार्यालय द्वारा स्टेशन गेट पर लगे दुकानदारो को नोटिस देकर स्वयं से अपने कब्जे को हटाने कहा था। नोटिस की समय सीमा समाप्त होते ही जोन-3 का राजस्व अमला शुक्रवार को पुलिस व रेल्वे के अधिकारियो के साथ दो जे.सी.बी. लेकर मौके पर पहुँची निगम प्रशासन ने सबसे पहले अवैध रूप से चल रहे सायकल स्टेण्ड के घेरा तथा कमरे को ध्वस्त किया कार्यवाही को देखकर अन्य ठेला, गुमटी संचालक अपने दुकान से सामान हटाना प्रारंभ किये। दुकान खाली होते ही सभी ठेला, गुमटी को चैन से बांध कर जे.सी.बी. द्वारा स्थल से बेदखल किया गया। कार्यवाही में व्यापारियों का तथा आम नागरिको का सहयोग प्रशंसनीय रहा।



# राजस्व वसुली के लिए निगम ने सील किया 14 दुकान

भिलाईनगर/ वित्तीय वर्ष समाप्ति पर अपने राजस्व वसूली के लिए निगम प्रशासन कमर कस रखा है। जोन एक एवं दो के राजस्व अमले ने आयुक्त के निर्देश पर जोन आयुक्त की उपस्थिति में 14 दुकानों को सील किया । राजस्व वसुली टीम निगम क्षेत्र के भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर नहीं पटाए जाने के कारण दुकान में वसूली के लिए पहुंचे तो कुछ ने तत्काल राशि जमा कर राहत की मांग की आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने मार्च माह में राशि पटाए जाने का वचन पत्र लेकर राशि जमा लेने के निर्देश दिए । जोन 1 स्मृति नगर के श्यामा चरण पांडे के बकाया राशि सम्पत्तिकर 3 लाख 75 हजार रूपये जमा नही करने पर 8 दुकान तथा जोन दो क्षेत्र के भवन स्वामी उत्तम कुमार लोधी के 5 दुकान व भगवंतिन बाई के दुकान को चपडा से सील बंद किया गया। राजस्व अमले ने कार्रवाई के दौरान 8 लाख से अधिक की राशि वसूल किया । बता दें कि विगत दिनों सुपेला के आकाशदीप काम्प्लेक्स मे सील किए 17 दुकानों में से पांच दुकानदारों ने संपत्ति कर की राशि 3 लाख 64 हजार निगम कोष में जमा किया और दुकान का ताला खुलवाया । निगम प्रशासन ने भिलाई निगम क्षेत्र के भवन मालिकों से अपील किया है अपने सम्पत्तिकर, जल कर, भुभाटक, दुकान किराया, आदि राशि का भुगतान कर विरुद्ध होने वाली विधिसम्मत कार्रवाई से बचेंगे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में 5721 लोगो ने जमा किये आवेदन

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र में 13 दिनो से चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा 2.0 का अंतिम पढ़ाव सोमवार को एच.सी.एल. कालोनी सेक्टर 6 एवं मंकिनम्मा मंदिर डोम शेड के पास खुर्सीपार में आयोजित किया गया। 26 शिविर में 5721 लोगो ने शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने आवेदन जमा किये। निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक प्रतिदिन दो शिविर दो पाली में लगाया गया। केन्द्र सरकार द्वारा भेजे गये विकसित भारत संकल्प यात्रा का बस शिविर स्थल पर पहुॅचते ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया जाता रहा है, इसके बाद उपस्थित सभी नागरिक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला गैस योजना, पी.एम. विश्वकर्मा, महतारी वंदन, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण, टी.बी.रोग निदान, मुद्रा लोन स्वनिधि लोन के काउन्टर पर पहुॅच कर लोगो ने योजना की जानकारी प्राप्त किये और लाभान्वित होने फार्म भरे। शिविर स्थल पर अतिथियो द्वारा उज्जवला गैस योजना के गैस किट तथा स्व निधि का प्रमाण पत्र लाभान्वित हितग्राहियो को प्रदान किये। केन्द्र सरकार द्वारा जारी कलेन्डर एवं योजनाओ के पुस्तक तथा पाम्पलेट का वितरण नागरिको को किया गया।




नगर पालिक निगम भिलाई

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की आपूर्ति के लिए आवश्यक तैयारी करें-आयुक्त

भिलाईनगर। आगामी ग्रीष्म ऋतु में भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियो को पेयजल की किल्लत न हो इसे लेकर हमे पर्याप्त तैयारी रखना होगा। जिसके लिए समय पर उच्चस्तरीय जलागार की सफाई, पाईप लाईन लिकेजो का संधारण, हैण्ड पम्प, पावर पम्प चालू हालत में हो।

निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो के बस्तियो में लोगो को पर्याप्त मात्रा में पेयजल व निस्तारी पानी मिले इसके लिए हमे आवश्यक तैयारी करना होगा। सभी जोन के ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये जहा ॅ गत वर्ष पानी की समस्या से जुझना पड़ा हो, उन क्षेत्रो के हैण्ड पम्प, पावर पम्प की जा ॅच कर आवश्यक संधारण किया जावे। पानी टंकी एवं सम्पवेल की सफाई समय पर हो तथा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये गये पाईप लाईन का सभी जोन आयुक्त जा ॅच कर लिकेज पाये जाने की स्थिति में संधारण कार्य पूर्ण करवा लें ताकि आखरी छोर तक पानी का प्रेशर बना रहे। जिन क्षेत्रो में टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति किया जाना है ऐसे मोहल्लो की पहचान कर निविदा संबंधी आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण कर लेवें आयुक्त ने आनलाईन शिकायत पोर्टल निदान में पानी के प्राप्त शिकायतो पर सभी जोन आयुक्त तत्काल कार्यवाही कर निराकरण करने को कहा उन्होंने जोन स्वास्थ्य विभाग को मितानिन के साथ मिलकर मोहल्लो मे सर्वे करके यह सुनिश्चित कर ले की वहा ॅ डायरिया, डेंगू जैसे बिमारी का प्रभाव तो नही हो रहा है एवं इसके मरीज पाये जाने पर तत्काल उपचार किया जाये।




नगर पालिक निगम भिलाई

# पी.एम. योजना के आवास आबंटन29 फरवरी को लाटरी से किया जायेगा

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रजत बिल्डर्स शांति नगर कोहका में निर्मित मकानो का 29 फरवरी को लाॅटरी पद्वति से आवास आबंटन किया जाना है। योजना के तहत प्राप्त 421 आवेदनो में से 156 हितग्राही जिन्होने अपने अंशदान की राशि 10 प्रतिशत  जमा किये है ऐसे हितग्राहियो को निगम के आवास शाखा द्वारा लाटरी में भाग लेने सूचना प्रेषित किया गया है। ये हितग्राही 29 फरवरी को प्रातः 11 बजे मुख्य कार्यालय सुपेला निगम प्रागंण में आयोजित लाॅटरी में भाग लेकर अपनी किस्मत आजमाएगें।

बता दें कि रजत बिल्डर्स में निर्मित कुल 36 आवासों का लाॅटरी निकालकर 156 लोगो में आबंटन किया जाना है। जिसमे से भूतल के 12 आवास दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिको के लिए आरक्षित होगा। जिसकी लाॅटरी प्रथम क्रम में निकाला जायेगा, इसी प्रकार प्रथम एवं द्वितीय तल के 24 मकानो का आबंटन भी लाॅटरी से किया जायेगा। भिलाई निगम के अन्य क्षेत्र में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो के आबंटन के लिए निगम मुख्य कार्यालय कक्ष क्रमांक-16 के काउन्टर में आवेदन जमा करने का कार्य भी किया जा रहा है। किराये में निवासरत पात्र हितग्राही अपने स्वयं के मकान के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।




**Editorial Board**

श्री देवेश कुमार ध्रुव
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री शरद दुबे
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई